**24.** निम्नलिखित यौगिकों के सूत्र दीजिए : *1×2=2*

(a) पोटैशियम ट्राइऑक्सैलेटोऐलुमिनेट (III)

(b) टेट्राऐम्मीनएक्वाक्लोरिडोकोबाल्ट (III) क्लोराइड

**25.** 300 K पर यूरिया (मोलर द्रव्यमान = 60 g/mol) के 5% विलयन का परासरण दाब परिकलित कीजिए । [$R = 0{\cdot}0821 \text{ L atm K}^{-1} \text{ mol}^{-1}$] *2*

**अथवा**

विशा ने दो जलीय विलयन, एक में 100 g जल में यूरिया (मोलर द्रव्यमान = 60 g/mol) के 7·5 g और दूसरे में किसी पदार्थ Z के 42·75 g, 100 g जल में लिए । यह प्रेक्षित किया गया कि दोनों विलयन एकसमान ताप पर हिमीभूत हुए । Z का मोलर द्रव्यमान परिकलित कीजिए । *2*

**26.** निम्नलिखित बहुलकों में एकलकों के नाम और संरचनाएँ लिखिए : *1×2=2*

(a) नाइलॉन-6,6

(b) ब्यूना-S

**27.** क्या होता है जब

(a) ब्यूटेनोन को मेथिलमैग्नीशियम ब्रोमाइड के साथ अभिक्रियित करके जल-अपघटित किया जाता है, और

(b) सोडियम बेन्ज़ोएट को सोडा लाइम के साथ गरम किया जाता है ? *1×2=2*

**खण्ड ग**

**28.** 75 g ऐसीटिक अम्ल में घोले जाने वाली ऐस्कॉर्बिक अम्ल (मोलर द्रव्यमान = 176 g $mol^{-1}$) की मात्रा (द्रव्यमान) परिकलित कीजिए जिससे इसका हिमांक 1·5°C कम हो जाए । ($K_f = 3{\cdot}9 \text{ K kg mol}^{-1}$) *3*

**29.** निम्नलिखित के कारण दीजिए : *1×3=3*

(a) सल्फ्यूरस अम्ल एक अपचायक है ।

(b) फ्लुओरीन केवल एक ऑक्सोअम्ल बनाती है ।

